## संक्षिप्त

### कर्नल बैंसला की जयंती मनाई

**खिरोड ।** लोहार्गल धाम के देवनारायण मंदिर में गुरुवार को गुर्जर समाज के लोगों ने गुर्जर महानायक कर्नल किरोड़ीसिंह बैंसला की प्रतिमा के सामने पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए देवसेना के प्रदेश सचिव धर्मपाल गुर्जर ने कहा कि आज गुर्जर समाज में शिक्षा में जागृति आने का काम कर्नल किरोड़ीसिंह की बदौलत है। इस मौके पर सभी लोगों ने कर्नल किरोड़ीसिंह के सिद्धांतों पर चलने का आ ान किया। अच्छी शिक्षा, अच्छा स्वास्थ्य, पढ़े-लिखी मां, कर्ज मुक्त समाज तभी समाज मुख्य विकास की धारा से जुड़ पाएगा। इस मौके पर आज ही के दिन बिजोलिया किसान आंदोलन के जनक विजय सिंह पथिक की जयंती भी मनाई गई। बिजोलिया किसान आंदोलन के जनक थे। विजय सिंह पथिक दोनों ही महापुरुषों के प्रतिमा के सामने पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

### सम्मान समारोह धूमधाम से मनाया

**रतनगढ़ ।** स्थानीय नालंदा शिक्षण संस्थान का पुरस्कार वितरण समारोह दास बालाजी मंदिर के पीछे स्थित विद्यालय प्रांगण में धूमधाम से मनाया गया। सरिता पड़िहार की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि साहित्यकार अरविंद रत्नधरा ने विद्यार्थियों से पढ़-लिखकर विवेकानंद, सुभाष चंद्र बोस, महारानी लक्ष्मीबाई, डॉ. अब्दुल कलाम आदि महापुरुषों के पद चिह्नों पर चलकर भारत की उन्नित हेतु कार्य करने का आ ान किया। कार्यक्रम में विद्यालय के विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया तथा नन्हे मुन्ने बालक बालिकाओं ने विभिन्न रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर आयोजन को भव्य बना दिया। विद्यालय में आठवीं बोर्ड सहित विभिन्न परीक्षाओं में अव्वल रहने वाले सभी विद्यार्थियों को मोमेंटो तथा प्रशस्ति पत्र आदि प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर लक्ष्मी सोनी, पूजा प्रजापत, एकता, प्रतिभा सोनी, मनीषा पारीक, सुमैया खान,अंजू प्रजापत, परमेश्वर लाल सोनी, आदि गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन दिलीप स्वामी "मनु" ने किया। संस्थान की वरिष्ठ अध्यापिका लक्ष्मी देवी सोनी ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

### विज्ञान दिवस पर स्कूल में लगा मेला

**सीकर ।** सेंट पॉल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शनिवार को एक दिवसीय साइंस फेयर का आयोजन किया गया। सेंट पॉल सीनियर स्कूल के डायरेक्टर सुरेश वर्मा ने फीता काटकर इस आयोजन का उद्घाटन किया। प्रिंसिपल प्रकश विश्वकर्मा ने छात्र-छात्राओं द्वारा बनाए गए मॉडल स्कूल में प्रदर्शित कर साइंस फेयर में भाग लेने की अपील की। डायरेक्टर सुरेश कुमार वर्मा ने बताया कि कक्षा यूकेजी से 11 तक के लगभग 150 छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उन्होंने बताया कि साइंस फेयर में लगाए गए मॉडल में जल संरक्षण को लेकर भी एक विशेष प्रोजेक्ट तैयार किया गया है। इस दौरान छात्रों ने विभिन्न वैज्ञानिक मॉडल प्रस्तुत किए। स्कूल के बच्चों ने ज्वालामुखी का मॉडल, बूंद-बूंद सिंचाई का मॉडल और फव्वारा सिंचाई का मॉडल बनाया। इसके अलावा जंतु और वनस्पति के नमूने, चुंबक, हवा, ध्वनि, रसायन विज्ञान से जुड़े प्रयोग भी प्रदर्शित किए गए। मेले में कबाड़ से जुगाड़ थीम के तहत विद्यार्थियों ने कई रोचक विज्ञान मॉडल प्रस्तुत किए,जिनमें मनचाही बरसात, बोतल में बादल, जड़त्व का नियम, गुब्बारे का पंप, पेंसिल संतुलन और साधारण फिल्टर प्रमुख रहे। मेले में कोलाइडोस्कोप, बिनोक्युलर, चिड़ियाघर और वजन नापने के उपकरण तथा लेंस, प्रिज्म और दर्पण से संबंधित प्रयोग भी शामिल थे। विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रकाश विश्वकर्मा सहित सभी शिक्षक मौजूद रहे।

### भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव आज

**खिरोड़, ।** देवीपुरा गांव की देवनारायण गौशाला में गौशाला सेवा समिति के सौजन्य से दो मार्च से श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव का आयोजन होगा। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 10 बजे कलश यात्रा के साथ होगा। महिलाओं द्वारा रविवार को सुबह 10 बजे कलश यात्रा हीरामल जी महाराज के मंदिर से रवाना होकर गौशाला कथा स्थल पहुंचेगी। दाऊ धाम कला कोटा के पीठाधीश्वर बलदेवाचार्य महाराज व गौशाला सेवा समिति के अध्यक्ष सांवताराम भगत के सानिध्य में होने वाले कथा महोत्सव के दौरान कथा प्रवचन चिरंजीवी महाराज करेंगे।

# नशा मुक्ति के लिए 'एंटी ड्रग नॉप टू डॉप' थीम पर होगी कल मैराथन

■ नशा मुक्ति जागरूकता अभियान के पोस्टर व टी-शर्ट का विमोचन

**झुंझुनूं, ।** युवाओं में बढ़ती नशे की लत की रोकथाम को लेकर व जागरूकता अभियान के तहत ब्राह्मण समाज, झुंझुनूं नागरिक मंच एवं राजस्थान एथेलेटिक्स एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान व झुंझुनूं निवासी दोहा कतर प्रवासी ब्राह्मण समाज के भामाशाह विक्रम मिश्रा के सौजन्य से तीन मार्च को एंटी ड्रग नॉप टू डॉप थीम पर मैराथन का आयोजन होगा।

मैराथन के माध्यम से सर्व समाज में समानता का संदेश भी दिया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक झुंझुनू नागरिक मंच के संयोजक उमाशंकर महमिया ने बताया कि समाज में बढ़ते नशे को रोकने और इसके दुष्प्रभावों से युवाओं को जागरूक करने के लिए एंटी ड्रग नॉप टू डॉप थीम पर मैराथन का आयोजन जा रहा है। जिसके पोस्टर का विमोचन शनिवार को जिला कलेक्टर रामावतार मीणा, डीआईजी शरद चौधरी एव एएसपी देवेंद्र सिंह व दोहा कतर से विक्रम मिश्रा द्वारा वर्चुअल पोस्टर विमोचन किया गया।

जो शहर के प्रमुख प्रमुख स्थानों पर लगाए जाएंगे। इस मौके पर विप्र फाउंडेशन के जिला संगठन महामंत्री रामगोपाल महमिया, जिला महामंत्री शिवचरण पुरोहित, विप्र सेना प्रदेश उपाध्यक्ष महेश बसावतिया, जिला महामंत्री रमाकांत पारीक, संरक्षक पवन पुजारी, ललित जोशी, जिला मंत्री सुरेंद्र शर्मा, कोषाध्यक्ष एडवोकेट नीरज शर्मा, संरक्षक शंकरलाल शुक्ला, खेल कार्यालय अधीक्षक मालीराम ओला, राजस्थान एथेलेटिक्स एसोसिएशन के सुभाष योगी, कोच सोनू आदि पोस्टर विमोचन में उपस्थित थे। कार्यक्रम संयोजक महामिया ने बताया कि तीन मार्च सुबह 8 बजे चूणा चौक स्थित रामलीला पार्क से जिला कलेक्टर रामावतार मीना, डीआईजी शरद चौधरी, एएसपी देवेन्द्र सिंह व जिला खेल अधिकारी राजेश ओला के आतिथ्य में हरी झंडी दिखाकर मैराथन प्रारंभ होकर शहीद स्मारक पार्क तक पहुंचेंगी।

मैराथन दौड़ के प्रथम विजेता को नगद 3100 रुपए, द्वितीय विजेता को 2100 व तृतीय को 1100 रुपए नगद के अलावा पांच प्रोत्साहन पुरस्कार में 500-500 रुपए पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी धावकों को नशा मुक्ति के संदेश का स्लोगन लिखी हुई टी-शर्ट दी जाएगी। मैराथन में भाग लेने वाले इच्छुक धावक कोच सुभाष योगी के इस नंबर पर 9314736577 संपर्क कर अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं।

**ज्ञापन सौंपा :** एनटीटी भर्ती पूरी करवाने की मांग को लेकर एनटीटी संघर्ष समिति के जिलाध्यक्ष अनिल झाझड़िया के नेतृत्व में सामाजिक न्याय मंत्री अभिनाश गहलोत को ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में बताया गया कि राजस्थान सरकार द्वारा महिला बाल विकास विभाग 2018 में 1350 पदों एनटीटी भर्ती निकाली गई थी। जो अभी शिक्षा प्रक्रियाधीन है। जो छह साल से लंबित है। इस भर्ती में 958 पदों पर नियुक्ति दी जा चुकी है। शेष 392 पदों को जल्द भरने की मांग की गई। राजस्थान सरकार द्वारा एनटीटी कोर्स 2010 में पूर्ण रुप से बंद कर दिया गया है। जिससे राजस्थान से प्रशिक्षण किए हुए अभ्यर्थी अधिकतम आयु के पास है। इसलिए इस भर्ती को जल्द पूरी करने की मांग की गई व टीएसपी के 200 पद 2012 से रिक्त चले आ रहे उन पदों को नॉन टीएसपी के अभ्यर्थियों से भरने की मांग की गई। इस दौरान विष्णु शर्मा, राजकुमारी, प्रेमलता आदि अभ्यर्थी मौजूद रहे।

## 'आमजन को सहजता से मिले योजनाओं का लाभ'

**रतनगढ(निसं)** पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि ने शनिवार को भाजपा कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान शहरी एवम ठाामीण क्षेत्र से आये आमजन की विभिन्न समस्याओं के समाधान को लेकर सम्बंधित विभाग के अधिकारीयों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए । इस दौरान महर्षि ने कहा कि केन्द्र व राज्य की भाजपा सरकार की अनेकों जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सहजता से आमजन को मिल सकें । इसके लिए अधिक से अधिक पात्र व्यक्तियों को योजनाओं से जोड़ना चाहिए । ताकि सरकारी योजनाओं का लाभ अन्तिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुँच सकें।जनसुनवाई में ग्रामीण क्षेत्र में आपणी योजना से जल कनेक्शन के लिए पाइप लाइन डलवाने,विधुत पोल शिफ्टिंग,नई सड़क बनवाने,नाले-नालियों के निर्माण करवाने सहित अनेक मुद्दें पर अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही करने के दिशा निर्देश दिए इस अवसर पर दर्जनों की संख्या में भाजपा कार्यकर्त्ता एवम आमजन उपस्थित थे।

## केंद्रीय कमेटी द्वारा जारी राजनीतिक प्रस्ताव पर चर्चा की

■ महंगाई, बेरोजगारी व साम्प्रदायिकता के खिलाफ व्यापक अभियान का निर्णय

**झुंझुनूं,** भारत की कम्यूनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) जिला कमेटी की विस्तारित मीटिंग शिक्षक भवन में कॉमरेड सुमेर बुडानिया की अध्यक्षता में आयोजित हुई। माकपा प्रदेश सचिव मंडल सदस्य कॉमरेड दूलीचंद मीणा ने अप्रेल में तमिलनाडू के मदुरै में होने जा रहे माकपा के 24वें अखिल भारतीय सम्मेलन में प्रतिनिधियों के सामने रखे जाने वाले राजनीतिक-सांगठनिक प्रस्ताव के मुख्य बिंदुओं पर बोलते हुए कहा कि पार्टी ने महसूस किया है कि पार्टी की कार्यनीतिक लाइन सही साबित हुई है और आगामी वर्षों के लिए मुख्य कार्यभार माकपा की स्वतंत्र ताकत में बढ़ोतरी करना, बीजेपी को हराना व धर्मनिरपेक्ष-लोकतांत्रिक ताकतों के गठबंधन को मजबूत बनाना है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने अमीर परस्त नीतियों को लागू कर रेल, भेल, एयर इंडिया व बीमा जैसे महत्वपूर्ण सार्वजनिक क्षेत्र का निजीकरण कर अर्थव्यवस्था को गहरे संकट में डाल दिया है। कॉरपोरेट सांप्रदायिक गठजोड़ को बेनकाब करते हुए इस नेक्सस को तोड़ना पड़ेगा। अन्यथा देश के संसाधनों पर एक दिन सिर्फ चुनिंदा लोगो का अधिकार हो जाएगा। इसके लिए कॉरपोरेट की नीतियों के साथ बीजेपी के नेतृत्व में चल रही सरकार के खिलाफ व्यापक जन आंदोलन मजबूत कर बीजेपी को सत्ता से बाहर करना पड़ेगा। माकपा राज्य सचिव मंडल सदस्य कॉमरेड फूलचंद बर्बर ने इन अवसर पर बोलते हुए कहा कि संयुक्त किसान मोर्चे के साथ हुए समझौते को आज तक लागू नहीं किया गया है और फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य को कानूनी गारंटी देने व संपूर्ण कर्जा माफी आज भी देश के किसानों के लिए सबसे बड़ा मुद्दा है। केंद्र सरकार हमारे देश के धर्मनिरपेक्ष चरित्र को लगातार कमजोर कर रही है। माकपा जिला सचिव कामरेड राजेश बिजारनिया ने कहा कि पार्टी अपनी स्वतंत्र ताकत को बढ़ाने के लिए बेरोजगारी, महंगाई, सांप्रदायिकता व दलित, अल्पसंख्यकों व महिलाओं के मुद्दों पर व्यापक अभियान चलाएगी और जनता को संघर्ष के लिए लामबंद करेगी।

## चिकित्सा सेवाओं के विस्तार की घोषणा से खुशी

**झुंझुनूं, ।** सूबे की भजनलाल सरकार आरोग्य राजस्थान की दिशा में लगातार कदम बढा रही है। डिप्टी सीएम दिया कुमारी द्वारा पेश किए गए बजट और बजट के रिप्लाई में झुंझुनूं जिले के चिकित्सा के क्षेत्र में काफी सौगातें दी है। जिसके बाद इलाके के लोगों में इस बात की खुशी है कि सुविधाओं का विस्तार होने के बाद अब मरीजों को निजी अस्पतालों में महंगा ईलाज नहीं करवाना पड़ेगा। स्पेशलिस्ट की सुविधाएं उनके नजदीकी सरकारी अस्पताल में मिल जाएगी। सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर ने बताया कि हाल ही में बजट में नवलगढ़ के जिला अस्पताल में ट्रोमा सेंटर खोलने के अलावा बैड वृद्धि की घोषणा की गई है। इसके अलावा सुलताना, बगड़, मुकुंदगढ़ और जाखल सीएचसी में बैड वृद्धि की घोषणा की गई है। इन घोषणाओं को जल्द ही धरातल पर लाने के लिए कार्य शुरू कर दिया गया है। सरकार ने बैड वृद्धि की घोषणा को पूरी करने के लिए योजना बना ली है। जल्द ही नए भवन, स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की आवश्यकता आदि की जानकारी सरकार को भेजी जाएगी।

## झुंझुनूं प्रगति संस्थान का स्थापना समारोह आज

**झुंझुनूं, ।** शहर की विकासपरक सोच रखने वाले विशिष्टजनों की ओर से झुंझुनूं प्रगति संस्थान (जेपीएस झुंझुनूं) का गठन किया जा रहा है। जिसके लिए दो मार्च रविवार को सुबह 10:15 बजे मुनि आश्रम स्थित पाटोदिया गेस्ट हाउस में स्थापना समारोह एवं कार्यकारिणी पदभार ठाहण कार्यक्रम होगा। जिसकी तैयारियां पूरी कर ली गई है। इस मौके पर स्थापना समारोह एवं कार्यकारिणी पदभार ठाहण कार्यक्रम के साथ-साथ विस्तृत एजेंडे का निर्धारण, पदाधिकारियों, कार्यकारिणी के सदस्यों की संख्या व स्वरूप निर्धारण, सदस्य बनाने की विधिवत प्रक्रिया व जिम्मेदारियां तय करने, संघ के उद्देश्य, विजन व मिशन निर्धारित करने, संघ का विधान, अधिकार व कर्तव्यों को परिभाषित करने, लॉन्ग टर्म, मिड टर्म व शॉर्ट टर्म गोल निर्धारित करने, झुंझुनू में बड़ी इंडस्ट्रीज लेकर आना, सरकारी योजनाओं की जानकारी एवं उसका लाभ लेकर कार्य संपादित करवाना, रेलवे का माल गोदाम नहीं है उसे लेकर आना, झुंझुनू रेलवे स्टेशन को जंक्शन बनाना, नई रेलगाड़ियां का आगमन शुरू हो सके ऐसा प्रयास करना, महिलाओं एवं युवाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना, बड़े कार्यक्रमों का आयोजन जिसमें फैलोशिप हो सके, वर्तमान में नगर परिषद में बन रहे ऑडिटोरियम को शुरू करवाना, रेलवे ओवरब्रिज बनवाना, एरोड्रम की स्थापना करवाना, झुंझुनू से युवाओं का पलायन रोकना, उच्च शिक्षा के लिए इंजीनियरिंग कॉलेज लेकर आना, आधारभूत व्यवस्थाओं में सुधार तथा झुंझुनू में यूआईटी शुरू करवाना इत्यादि झुंझुनूं के विकास को लेकर सुझाव आमंत्रित करने, आगामी 3 से 6 महीने में किसी संभावित या प्रस्तावित कार्यक्रम अथवा कार्य पर विचार करने, महिलाओं एवं युवाओं की अलग से टीम बनाने, कर्मभूमि से जन्मभूमि की ओर कार्यक्रम के अंतर्गत जल संचय अभियान में वाटर हार्वेस्टिंग कार्य को संपन्न करवाना आदि पर विचार विमर्श किया जाएगा। समारोह के कन्वीनर डॉ. दिलीप मोदी, राजेश ढेढिया एवं राजेंद्र जोशी के संयोजन में होने जा रहे कार्यक्रम में एडहॉक कमेटी के डॉ. दिलीप मोदी, डॉ. डीएन तुलस्यान, परमेश्वर हलवाई, एडवोकेट अशोक शर्मा, डॉ. शशि मरोलिया, अशोक केडिया सहित अन्य अठाणी विशिष्टजन को कार्यक्रम की जिम्मेदारियां संभाले हुए है। विदित है कि झुंझुनूं के विकास और स्मार्ट सोच के साथ, सकारात्मक एवं समान विचारधारा के झुंझुनूं शहरवासियों की ओर से विकसित झुंझुनूं की कल्पना को साकार करने के लिए यह संगठन गठित किया गया है।

## झुंझुनूं शहर में हटाए अतिक्रमण, तो मचा हड़कंप

**झुंझुनूं ।** शहर में शनिवार को उस वक्त हड़कंप मच गया। जब ट्रेफिक इंचार्ज हरफूल सिंह पूरे दल बल के साथ रेलवे स्टेशन पहुंचे। रेलवे स्टेशन के बाहर से लेकर हवाई पट्टी चौराहे के आगे तक शनिवार को अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। जेसीबी के साथ नगर परिषद की टीम और आरएसी के जवाब भी कार्रवाई में शामिल रहे। इस दौरान दुकानों के बाहर रखा सामान भी बिना कोई देरी के जब्त किया गया। वहीं कुछ लोगों ने सड़क पर ही इंटरलॉकिंग और पट्टियां रखकर अतिक्रमण कर रखा था। जिसे भी जेसीबी की मदद से तोड़ा गया। इस मौके पर टीआई हरफूल सिंह ने बताया कि 20 फरवरी से दुकानदारों से अपील की जा रही थी कि वे अपने अस्थायी अतिक्रमण हटा ले और दुकान के बाहर सामान ना रखे। नियम है कि दुकान के आगे दो-ढाई फुट तक सामान रखा जा सकता है। लेकिन दुकानदारों ने 20-20 फुट तक सामान रखकर सड़क को आधा कर दिया है। इसके अलावा जगह-जगह स्थायी टीन शैड और अन्य सामान लगाकर अतिक्रमण कर रखा है।

## प्रतिभा को पहचानकर सम्मान करें : विधायक भांबू

■ छात्रा प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन हुआ

**झुंझुनूं ।** स्थानीय गणपति नगर स्थित न्यू राजस्थान बालिका पीजी महाविद्यालय में प्रतिभावान छात्राओं के सम्मान के लिए छात्रा प्रतिभा सम्मान समारोह-2025 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झुंझुनूं विधायक राजेन्द्र भांबू थे। अध्यक्षता कलेक्टर रामावतार मीणा ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के सामने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उपस्थित अतिथियों के साफा पहनाकर, माल्यार्पण कर व स्मृति चिह्न भेंट कर स्वागत किया।

छात्राओं द्वारा विभिन्न रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। उपस्थित अतिथिगणों ने छात्रा प्रतिभा खोज परीक्षा की प्रतिभावान छात्राओं के सम्मानित किया। जिसमें प्रथम स्थान प्राप्त करिश्मा पुत्री जगदीश प्रसाद के 11000 रुपए, स्मृति चिह्न व प्रमाण पत्र दिए। द्वितीय स्थान प्राप्त वैशाली पुत्री नंदकिशोर के 7100 रुपए, स्मृति चिह्न व प्रमाण पत्र दिए तथा तृतीय स्थान प्राप्त आंनता पुत्री बनवारीलाल के 5100 रुपए, स्मृति चिह्न व प्रमाण पत्र दिए। मुख्य अतिथि भांबू ने प्रतिभावान छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा कहा कि छात्रा प्रतिभा हीरे के समान है। उन्हें शिक्षक द्वारा तराशने का कार्य किया जाता है। नई शिक्षा नीति के माध्यम से गुरुकुल शिक्षा व्यवस्था पुन: प्रारंभ करके शिक्षा प्रणाली के सुधारें। साथ ही शिक्षकों से कहा कि प्रेम के साथ बच्चों की प्रतिभा के पहचान कर सुधारे, मात्रात्मक की अपेक्षा गुणात्मक सुधार करें। कार्यक्रम अध्यक्ष रामावतार मीणा ने महाविद्यालय निदेशक द्वारा बालिका शिक्षा में अठाणी योगदान देने के लिए जो कदम उठाया जा रहा है उनकी सराहना की है। साथ ही छात्रा प्रतिभाओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि इसी प्रकार शिक्षा व रचनात्मक कार्यों के द्वारा निरंतर जिले का नाम रोशन करती रहे। संस्थान निदेशक इंजी. प्यारेलाल ढूकिया ने अतिथियों का स्वागत भाषण एवं कार्यक्रम पर प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता विश्वंभर पूनियां, पार्षद प्रमोद बुडानिया व भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ता संजय जाखड़ रहे। संस्था सचिव इंजी. पीयूष ढूकिया ने उपस्थित अतिथियों, छात्रा प्रतिभाओं व अभिभावकों का धन्यवाद ज्ञापित किया और प्रतिभाओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही कहा कि समय का सदुपयोग कर अनुशासन में रहते हुए अपनी अच्छी आदतों द्वारा अपना व अपने परिवार का नाम रोशन करें। इस अवसर पर संरक्षिका विनोद ढूकिया, सहायक अभियंता ज्योति ढूकिया, महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. सुमन जानूं, उप प्राचार्या पिंकेश संस्था समस्त स्टाफ सदस्य व छात्राएं उपस्थित रहे। मंच संचालन आईना व कनिष्का ने किया।

## द्वितीय पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करे नमन किया

**पिलानी ।** दो साल पहले सड़क दुर्घटना में आदित्य सैनी पुत्र मोतीलाल सैनी समाजसेवी व संचालक तिरुपति टेक्सटाइल पिलानी के आकस्मिक निधन पर उनकी द्वितीय पुण्यतिथि पर शुक्रवार बस स्टैंड के पास स्थित एलएन बिरला स्टेडियम में श्रद्धांजलि सभा हुई। कार्यक्रम डॉ. अर्जुनदास महाराज महामंडलेश्वर पीठाधीश दादूद्वारा बगड़ के सानिध्य में आयोजित हुआ। इस मौके पर झुंझुनूं भाजपा जिलाध्यक्ष बनवारीलालसैनी, महादेव सिंघी नेत्र एवं मल्टीस्पेशिलिटी अस्पताल पिलानी के प्रबंधक गोविंदराम सैनी, जगदीश प्रसाद सोनी, बीकेबीआईईटी केमहाप्रबंधक वित्त केके पारीक, मुरलीमनोहर शर्मा, पूर्व प्राचार्य सुरेश, कैलाश, किशनलाल भोमिया, प्रदीप, राजकुमार भास्कर, प्रेमप्रकाश, बड़ौदा राजस्थान ठाामीण बैंक के पूर्व वरिष्ठ प्रबंधक किशोरीलाल जांगिड़, ओमप्रकाश टेलर, दिवंगत आदित्य सैनी के पिता मोतीलाल सैनी, माता पुष्पा, धर्मपत्नी माया सैनी व पुत्री आदि ने भावुक मन एवं नम आंखों से पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा नमन किया।

## दादी भक्त महिलाओं ने उत्साह के साथ देखी 'मोटी सेठानी' फिल्म

■ राणी सती दादी से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं को जानकर रोमांचित हुई महिलाएं

**झुंझुनूं ।** रसदा इंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड भीलवाड़ा द्वारा राणा संजय तुलस्यान के निर्देशन में बनी राजस्थानी फिल्म मोटी सेठानी को लेकर झुंझुनूं में भी उत्साह है। झुंझुनूं के एमजी मॉल स्थित ढिशुम सिनेमा में शनिवार को दोपहर का शो दिखाया गया। जिसमें झुंझुनूं शहर की सैंकडों की संख्या में महिलाएं फिल्म देखने के लिए पहुंची। करीब तीन घंटे की फिल्म रानी सती दादी की विरासत को कायम रखने और उनके बारे में हर व्यक्ति तक जानकारी पहुंचाने के लिए बनाई गयी है। फिल्म देखकर महिलाओं ने कहा कि राणी सती दादी के जीवन से जुडी ऐसी कई बातें थी। जो उन्हें दशकों बीत जाने के बाद भी मालूम नहीं थी। लेकिन बड़े पर्दे पर फिल्म देखने के बाद उन्हें काफी जानकारी मिली है। यही नहीं फिल्म निर्माण में धार्मिक भावनाओं का पूरा ध्यान रखा गया है। फिल्म ना केवल पारिवारिक है। बल्कि भावुक भी है। बड़े पर्दे पर फिल्म देखकर सभी महिलाएं काफी उत्साहित थी। तो वहीं अब तक सामने ना आ पाए इतिहास को जानकर रोमांचित भी दिखाई दी। इस मौके पर दादी भक्त एवं सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. डीएन तुलस्यान ने बताया कि फिल्म में कलाकारों की मेहनत, म्यूजिक, पिक्चर क्वालिटी, साउंड सब सर्वश्रेष्ठ कैटेगिरी के थे। इस मौके पर श्री दादी मंगल महिला मंडल की अध्यक्ष संतोष नारायण प्रसाद जालान, सचिव मंजू नवरतन झुंझुनूंवाला, कोषाध्यक्ष सुनिता संजय पंसारी समेत सैंकड़ों की संख्या में महिलाएं मौजूद थी जिन्होने अपील की है कि सभी महिलाओं और पुरूषों को परिवार सहित फिल्म देखनी चाहिए। आपको बता दें कि राणा संजय तुलस्यान द्वारा बनाई गई इस फिल्म का प्रीमियर शो जयपुर में 26 फरवरी को हुआ था। इसके बाद लगातार देश के कोने-कोने में फिल्म का प्रदर्शन किया जा रहा है। मुंबई, सूरत, कोलकाता, दिल्ली जैसे मेट्रो सिटी में शो हाउसफुल चल रहे है। इस फिल्म में झुंझुनूं के गायक रवि तुलस्यान भी साधु और श्रीकृष्ण भगवान की भूमिका में है। इसी के साथ पत्रकार संजय सैनी ने भी पिक्चर में किरदार निभाया है। डॉ. डीएन तुलस्यान ने बताया कि इस फिल्म की खास बात यह भी है कि निर्देशक राणा संजय तुलस्यान दो साल से इस फिल्म को बनाने के लिए काम कर रहे थे। पिछली साल 27 दिन तक झुंझुनूं जिला मुख्यालय के ही 20 किलोमीटर दूरी पर अलसीसर गांव में नॉन स्टॉप शूटिंग चली। जिसके बाद फिल्म कंपलीट की गई। पूरी शूटिंग अलसीसर और उसके आस-पास के क्षेत्र में हुई है। गत दिनों फिल्म के निर्देशक राणा संजय तुलस्यान चूणा चौक रानी सती रोड स्थित आशीर्वाद पैलेस पर डॉ. डीएन तुलस्यान को प्रीमियर शो का निमंत्रण देने झुंझुनूं आए थे। तब उन्होंने बताया था कि पहली बार साढ़े सात सौ पुराने दादी के जीवन को बड़े पर्दे पर लाया गया है। साथ ही लोगों को यह भी बताया गया है कि दादी का इतिहास साढ़े सात सौ साल पुराना ही नहीं है। वो तो उनका पुर्नजन्म है। इससे पहले महाभारत समय से दादी का जीवन जुड़ा हुआ है। श्रीश्याम बाबा की चाची, श्रीकृष्ण भगवान की भाणज, अभिमन्यु की पत्नी तथा विराट की बेटी भी राणी सती दादी थी। इसके बाद उन्होंने साढ़े सात सौ वर्ष पहले पुर्नजन्म लिया था।

## कुम्हारान को नवसृजित पंचायत बनाने की मांग की

**बीदासर ।** राज्य सरकार द्वारा पंचायती राज संस्थाओं तथा पंचायत समिति व ग्राम पंचायतों के नवसृजित किए जाने को लेकर दो दर्जन से अधिक ग्रामीणों ने पंचायत समिति सदस्य रामकरण भोभरिया के नेतृत्व में ग्राम ढाणी कुम्हारान को नवसृजित पंचायत बनाने को लेकर जिला कलेक्टर के नाम का ज्ञापन उपखंड अधिकारी अमीलाल यादव को सौंपा। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि पंचायती राज संस्थाओं के वर्ष 2019 में नवसृजन के समय ठााम पंचायत ढढेरु भामुवान में किसी भी नवीन ठााम पंचायत के प्रस्ताव को सम्मिलित नहीं किए गया। जबकि ठााम पंचायत ढढेरु की जनगणना वर्ष 2011 के दौरान सम्मिलित राजस्व ठााम ढाणी कुम्हारान की कुल जनसंख्या 2142 ढढेरु भामुवान की कुल जनसंख्या 3537 ढढेरु गोदारान की जनसंख्या 2232 सहित कुल जनसंख्या 7911थी। उक्तानुसार यदि वर्तमान परिप्रेक्ष्य में गणना करने पर ठााम पंचायत ढढेरु भामुवान की वर्तमान कुल आबादी अनुमानित 11हजार से अधिक है। तथा ठााम ढाणी कुम्हरान वर्तमान पंचायत की आठ किलोमीटर व ठााम पंचायत से पंचायत समिति की दूरी 16किलोमीटर है। जिससे हम ठाामीणजनों को अधिकांश कार्यों के लिए पहले आठ किलोमीटर ठााम पंचायत ढढेरु भामुवान फिर 16किलोमीटर पंचायत समिति व उपखंड कार्यालय बीदासर जाना पड़ता है। जिसके कारण हम ठाामीणों का समय ओर धन का काफी अपव्यय हो रहा है व परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वर्तमान में ठााम पंचायत ढढेरु भामुवान के ठााम ढाणी कुम्हारान में पृथक पृथक सुविधाएं तथा शिक्षा, चिकित्सा,विद्युत,सड़क मार्ग इत्यादि की पर्याप्त एवं आबादी के अनुकूल मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध है ।

## सार-समाचार

### दिव्यांगता जागरूकता शिविर का आयोजन

**सीकर ।** दिव्यांगों के लिए कार्यरत स्वयंसेवी संस्था आशा का झरना द्वारा एक मार्च शनिवार को राष्ट्रीय न्यास के दिव्यांगता जागरूकता कार्यक्रम बढते क़दम के साथ नि:शुल्क मल्टी स्पेशलिटी ऑक्यूपेशनल , स्पीच , फिजियों एवं साइकों थेरेपी शिविर का आयोजन सीकर स्थित सुबोध शिक्षण संस्थान परिसर में किया गया । संस्था निदेशक डॉक्टर सुदीप गोयल ने बताया कि जयपुर की प्रतिष्ठित क्लीनिक रीहैब बड़ी के संयुक्त तत्वावधान में इस परामर्श कैंप में जयपुर से वरिष्ठ ऑक्यूपेशनल थेरेपिस्ट डॉक्टर नकुल कौशिक, डॉक्टर शुभम, डॉक्टर योगेश , स्पीच थेरेपिस्ट प्रियंका दास व तरुण दुबे , क्लीनिकल साइक्लोजिस्ट सुहानी अठावाल, ऑटिज़्म विशेषज्ञ विकास, एबीए थेरेपिस्ट राकेश व ज्योति, फिजियोथेरेपिस्ट डॉक्टर सद्दाम, डॉक्टर प्रदीप कश्यप, डॉ. सागर व आशा का झरना के विशेष शिक्षकों की टीम द्वारा दिव्यांग बच्चों व युवाओं की जाँच व परामर्श दिया गया । शिविर में 130 से अधिक बौद्धिक दिव्यांग व मूक बधिर बच्चों को सेवाएँ दी गई। उन्होंने बताया कि शिवर में विकास में देरी , बोलने या सुनने संबंधी समस्या, ऑटिज़्म , दिमाग़ी लकवा , मानसिक स्वास्थ्य व चलने संबंधी समस्या से ठासित व्यक्तियों को उचित परामर्श व थेरपी की तकनीक सिखाई गई। शिविर को संबोधित करते हुए सीकर सांसद अमराराम ने दिव्यांग बच्चों के प्रति समाज में सम अनुभूति की भावना को बढ़ाने पर ज़ोर दिया,साथ ही सरकार की ओर से हर यथासंभव सहयोग का भरोसा दिलाया । उन्होंने उपस्थित अभिभावकों को संस्था के साथ मिलकर अपने बच्चों में अपेक्षित विकास व सुधार के लिए नियमित थेरपी करवाने का अनुरोध किया । उन्होंने दिव्यांग अधिकार अधिनियम 2016 तथा 21 दिव्यांगताओं की पहचान पर आशा का झरना द्वारा प्रकाशित दो जागृति लीफलेट का विमोचन किया व क्षेत्र में अधिक से अधिक प्रचार की आवश्यकता जताई ।

### वार्षिकोत्सव का आयोजन

**नवलगढ़, ।** रविवार को बलवंतपुरा स्थित सरस्वती सीनियर सैकंडरी स्कूल में वार्षिकोत्सव स्पंदन-2025 का आयोजन किया जाएगा। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डीआईजी शरद चौधरी होंगे। वहीं सम्मानित अतिथियों में नवलगढ़ एसडीएम जयसिंह खीचड़, तहसीलदार भीमसेन सैनी, आरजेएस रश्मि वर्मा, आईआईटी जोधपुर के प्रोफेसर महेश कुमार होंगे। वार्षिकोत्सव में विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतयां पेश की जाएगी तथा उत्कर्ष विद्यार्थियों का सम्मान किया जाएगा।

### गोदारा को डॉक्टरेट की उपाधि

**रतनगढ ।** शहर की प्रतिष्ठित संस्था केपीएस ग्रुप आफ एजुकेशन के निदेशक ओमप्रकाश गोदारा को मिली डॉक्टरेट की उपाधि गोदारा ने डॉक्टर ममता पंवार के गाइडेंस में कॉमर्स एंड मैनेजमेंट में हासिल पीएचडी की उपाधि जिसका विषय था सोशल मीडिया मार्केटिंग और उपभोक्ता ब्रांड जागरूकता के बीच संबंधों की जांच करना। डॉक्टरेट की उपाधि मिलने पर राजनीतिक पारिवारिक सामाजिक एवं के बधाई देने वालों के लिए तांता लग गया। इस दौरान केपीएस विद्यालय परिवार के प्रधानाचार्य रेवंतराम व यशवीर, विजय गोदारा, रामनिवास धायल, अजय, सुनील, सुखदेव सिंह, वीरेंद्र सिंह, देवी सिंह आदि मौजूद थे ।

### बालाजी मंदिर में फागोत्सव आज

**खिरोड़।** लोहार्गल धाम के सिद्धपीठ श्री वेंकटेश बालाजी मंदिर में रविवार को फागोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। श्री वेंकटेश्वर बालाजी मंदिर के महंत अश्विनीदास महाराज ने बताया कि मंदिर परिसर में मनाए जाने वाले फागोत्सव का शुभारंभ सुबह 11 बजे श्री वेंकटेश्वर बालाजी की विशेष पूजा अर्चना के साथ किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान फागोत्सव में फूलों से होली खेली जाएगी। महंत अश्विनीदास महाराज ने क्षेत्र के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में फागोत्सव कार्यक्रम में पहुंचकर पुण्य लाभ कमाने की अपील की है। गौरतलब है कि यह कार्यक्रम पहले रामपुरा के श्री वीर हनुमान दक्षिण मुखी बालाजी मंदिर में होना तय हुआ था। मगर किसी अपरिहार्य कारणों की वजह से यह कार्यक्रम रामपुरा में स्थगित कर दिया गया है। अब यह कार्यक्रम लोहार्गल धाम के सिद्ध पीठ श्री वेंकटेश्वर बालाजी मंदिर में होगा।

### मोरारका महाविद्यालय विजेता

**झुंझुनूं, ।** श्री राधेश्याम आर मोरारका राजकीय महाविद्यालय अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिता ज़ील 6.0 में विजेता रहा। महाविद्यालय सांस्कृतिक समिति की संयोजक प्रो. मंजू चौधरी ने बताया कि मोदी विज्ञान एवं तकनीकी विश्वविद्यालय लक्ष्मणगढ़ सीकर के स्कूल ऑफ बिजनेस द्वारा 28 फरवरी को आयोजित अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिता ज़ील 6.0 में हर्षिता शर्मा, प्रकृति चौधरी, प्रियंका जांगिड़, मोहित, विपिन कुमार, रिया वर्मा, हेमलता, ऋतिका, लीना, किरण ने समूह नृत्य और सुजल स्वामी ने एकल गायन में भाग लिया। प्राचार्य प्रो. सुरेंद्र सिंह ने बताया कि महाविद्यालय के प्रतिभागियों ने महाभारत कालीन परिदृश्य को दर्शाते हुए द्रौपदी चीर हरण एवं कुरुक्षेत्र युद्ध थीम पर समूह नृत्य कर प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा विश्वविद्यालय द्वारा विजेता प्रतिभागियों को 21000 रुपए नकद राशि, प्रतीक चिह्न एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### विजेंद्र हठवाल बने राष्ट्रीय वाल्मिकी क्रांतिकारी मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष

**झुंझुनूं,** राष्ट्रीय वालिमकी क्रांतिकारी मोर्चा राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष के पद पर झुंझुनूं निवासी विजेंद्र हठवाल को मनोनीत किया गया है। इस मौके पर बापू बस्ती में सम्मान कार्यक्रम किया गया। जिसमें बस्ती के लोगों ने विजेंद्र हठवाल को फूलमाला पहनाकर साफा पहनाकर मिठाई खिलाकर सम्मान किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भगवत प्रसाद मकवाना ने कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. शांतिलाल जावा की अनुशंसा पर यह नियुक्ति की गई है। जिस पर सभी का आभार व्यक्त किया। अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ प्रदेश महामंत्री संतोष कुमार डूलगच, वाल्मिकी संघर्ष समिति अध्यक्ष बसंत वाल्मिकी, अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ के जिलाध्यक्ष गणेश नारायण डूलगच, संतोष कुमार सारवान, जुगल किशोर सारवान ने संबोधित किया। इस अवसर पर हनुमान प्रसाद चांवरिया, राजकुमार चांवरिया, दलीप हटवाल, राजेंद्र चांवरिया, छोटेलाल सारवान, कानाराम सारवान, मुरारीलाल चांवरिया, अशोक हठवाल, लक्ष्मीकांत डूलगच, अमित डूलगच, विकेश चांवरिया, महेंद्र चांवरिया, नत्थूराम, रणजीत चांवरिया, दीपक कुमार चांवरिया, राहुल हठवाल, चंदन, अर्जुन हठवाल सहित महिलाएं पुरुष मौजूद थे।

**बेदखली सूचना** यह कि प्यारे लाल मेरा पुत्र है। मेरा पुत्र प्यारे लाल मेरे कहने में नहीं चलता है तथा आवारा प्रवृति का है, जो मेरे घर से दिनांक 17.02.2025 से हमें बिना बताये किसी अनजान व्यक्ति के साथ कहीं विदेश चला गया है। मेरे पुत्र प्यारे लाल से अब मै व मेरा परिवार कोई रिश्ता नहीं रखना चाहते हैं। मै मेरे पुत्र प्यारे लाल को अपनी सभी चल - अचल सम्पति से बेदखल करता हूँ। भविष्य में मेरी चल- अचल सम्पति में मेरे पुत्र प्यारे लाल का कोई हक व अधिकार नहीं होगा। मेरे पुत्र प्यारे लाल द्वारा किसी व्यक्ति से कोई लेन देन या आपराधिक कृत्य किया जाता है तो उसमें मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। समस्त प्रकार की जिम्मेदारी लेन देन करने वाले स्वयं की होगी। सूचित करता हूं। सूचित रहे।

**शपथग्रहिता- राम सिंह उम्र 58 साल पुत्र श्री लीला राम जाति खटीक निवासी रामपुरा तहसील राजगढ़ जिला चूरू**

**बेदखली सूचना** यह कि दिनेश कुमार हमारा पुत्र है व श्रीमति संध्या हमारी पुत्रवधू है, हमारा पुत्र दिनेश कुमार हमारे कहे अनुसार नहीं चलता है, और हमारी पुत्रवधू श्रीमति संध्या आवारा व बदमाश प्रवृति के लोंगों की संगत में रहती है, हमारे व हमारे परिवार जन द्वारा समझाने पर नहीं मान रहे हैं, हमारी पुत्रवधू श्रीमती संध्या आये दिन हमारे साथ, व हमारे बड़े पुत्र व पुत्रवधू के साथ झगड़ती है व हमारे परिवार जन के साथ मारपीट करती है, व हमारे नाम से दुकानदारों से सामान ले लेते हैं, तथाा उधार रूपये/पैसे ले लेते है, और गलत संगत में रहते हैं, हमारी पुत्रवधू संध्या अपनी मनमर्जी से बाहर चली जाती है, और हमारे खिलाफ झूठा मुकदमा करवाती है। इस कारण हमनें दिनांक 27.02.2025 को हमारे पुत्र दिनेश कुमार तथा हमारी पुत्रवधू श्रीमति संध्या व इनके बच्चों सहित हमारी व हमारे परिवार की सम्पूर्ण चल व अचल जायदाद व सम्पति से बेदखल कर दिया है। यदी उक्त दोनों किसी प्रकार की आपराधिक घटनाकारित करते हैं तो हमारी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी, समस्त जिम्मेदारी उनकी स्वयं की होगी। सर्व साधारण को सूचित करते है। सूचित रहे।

**शपथग्रहिता**
**गिरधारी लाल आयु 74 साल पुत्र खेताराम, श्रीमति सावित्री देवी आयु 65 साल पत्नी श्री गिरधारी लाल जाति मेघवाल निवासीगण कस्बा राजगढ वार्ड नं.11,15 मोहल्ला हनुमान मंदिर, हिन्द पब्लिक स्कूल के पास, तह. राजगढ जिला चूरू (राज.)**